HGH INDIA 2018[SM]

HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

JULY 3-5, 2018 MUMBAI, INDIA

# NEWS 2

A TEXZONE Event

**Where business feels at home!**

# व्यापार जहाँ आप वहाँ

एचजीएच इंडिया २०१८ अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय ब्राण्ड और निर्माताओं द्वारा प्रस्तुत कई नवोन्मेषण और प्रोडक्ट लॉन्च का साक्षी बनेगा। वे लोग आनेवाले व्यापारिक सत्र २०१८-१९ के लिए रिटेल तथा होलसेल व्यापारियों के हित में कई व्यापारिक योजनाओं का भी शुभारम्भ करेंगे।

भारतीय बाजार में अपनी शुरुआत करने वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और निर्माता कुकवेयर, किचनवेयर, किचन अप्लायन्सेज, स्टोरेज, जेनरल हाउसवेयर, डेकोरेटिव्ह एसेसरीज, वॉलपेपर्स, बेड लिनन, टॉवेल्स एण्ड बाथ लिनन, फर्निशिंग फैब्रिक्स, डेकोरेटिव्ह मेड-अप्स, फ्लोर कवरिंग आदि जैसी श्रेणियों में वितरकों, आयातकों और व्यापार भागीदारों की तलाश करेंगे। एचजीएच इंडिया भारतीय बाजार पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक साझेदारी में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।




कई भारतीय उत्पादक और निर्यातक अपने ब्रांड के साथ-साथ निजी लेबल की उत्पादन सुविधाओं के साथ घरेलू बाजार में प्रवेश करेंगे। इस व्यापार प्रदर्शनी में, संगठित रिटेल विक्रेताओं, विशिष्ट रिटेल चेन और आयातकगण भारत के साथ-साथ टर्की, चाइना, थाईलैंड, हांगकांग, कोरिया, ताइवान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अन्य देशों से दीर्घकालिक सोर्सिंग भागीदारों को ढूँढ़ सकते हैं।

स्पेसेस, बॉम्बे डाइंग, ट्राइडेंट, बुटीक लिविंग, अन्ना सिमोना जैसे स्थापित ब्रांड बेड शीट्स और बेड सेटों के साथ-साथ टॉवेल्स और बाथ लिनन की श्रेणी में अपनी नई रेंज को लॉन्च करेंगे। स्पेसेस इन वस्तुओं के अतिरिक्त कार्पेट और फ्लोर कवरिंग में भी अपने नये डिजाइन पेश करेंगे।

डिसीटेक्स, जीएम फैब्रिक्स, एफ एंड एफ, रूमर्स, केसी फैब्रिक्स, देवा टेक्सटाइल्स, यूनिवर्सल टेक्सटाइल मिल्स, वी एंड जे, जयदुर्गा, जेम कलेक्शन, नुहोम जैसे फर्निशिंग फैब्रिक्स उद्योग के अग्रणी होमवेयर, कर्टेन्स, शीयर्स और डेकोरेटिव्ह फर्निशिंग में अपने नए डिजाइन पेश करेंगे और अपने नवीनतम कैटलॉग भी लॉन्च करेंगे।

आगंतुकगण अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों और भारतीय बाजार के अग्रणियों के द्वारा प्रस्तुत मैट्रेसेस, टेबल एण्ड किचन लिनन, वॉल पेपर्स, ब्लाइंड्स एण्ड विंडो ड्रेसिंग्स, होम डेकर एसेसरीज, फ्रेग्रेंस एण्ड स्पा प्रोडक्ट, हैंडीक्राफ्ट्स, आर्टेफैक्ट्स, गिफ्ट्स, कुकवेयर, टेबलवेयर, किचनवेयर, किचन अप्लायन्सेज, स्टोरेज एण्ड जेनरल हाउसवेयर में भी नवीन अनुसंधानों को ढूँढ़ पाएंगे।

आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में, एचजीएच इंडिया एक प्रभावी प्रवृत्तिगत जानकारी है और खुदरा विक्रेताओं को अपनी व्यापार सीमा का विस्तार करने के लिए मंच तैयार कर रहा है।

# होम टेक्सटाइल्स फिर से अग्रणी

एचजीएच इंडिया २०१८ एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय उपभोक्ताओं का टेक्सटाइल्स मैन्युफैक्चरर्स के द्वारा अपने घरों को सजाने के जुनून को सातवें वर्ष भी प्रदर्शित करेगा।

भारत अपनी उच्च गुणवत्ता, रचनात्मकता और इनोवेटिव्ह होम टेक्सटाइल्स तथा फर्निशिंग फैब्रिक्स के उत्पादन के लिए वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध है। अनेकों भारतीय निर्माता और निर्यातक आज वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं और दुनिया के शीर्ष ब्रांडों और रिटेल विक्रेताओं से जुड़े हैं। इन अग्रणियों में से वेलस्पन, ट्राइडेंट, इंडो काउंट, बॉम्बे डाइंग, टेक्स्ट्रेड, मास्पर, डिसीटेक्स, जीएम फैब्रिक्स, शबरी इंटरनेशनल, गुप्ता टेक्सटाइल्स, जयनिता, जिंदल और सुप्रिंट जैसे नेता एचजीएच इंडिया २०१८ में उपस्थित होंगे, जो अपनी विश्व स्तर की गुणवत्ता और इनोवेशन्स को भारतीय उपभोक्ताओं को पेश करेंगे। मुंबई, दिल्ली, लुधियाना, पानीपत, जयपुर, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु, कन्नूर, करूर और कोयंबटूर के अग्रणी निर्यातक भारतीय बाजार के लिए विशेष रूप से निर्मित अपनी रेंज का प्रदर्शन करेंगे।



Spaces

होम टेक्सटाइल्स और फर्निशिंग फैब्रिक्स भारत के घरेलू उत्पादों के बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाली श्रेणियां हैं। खपत में १५ से २०% सीएजीआर की विकास दर के साथ वे मौजूदा और नए रिटेल विक्रेताओं के लिए अधिक से अधिक अवसर पैदा कर रहे हैं। हर साल समूचे भारत में सैकड़ों नये होम टेक्सटाइल स्टोर्स खोले जा रहे हैं। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे शहरों में जगदीश स्टोर्स, भारत फर्निशिंग, स्किपर, दर्पण, गौरव जैसे कई विशिष्ट स्टोर तेज गति से ५ से २० स्टोर्स के साथ राष्ट्रीय शृंखला के रूप में उभरते जा रहे हैं।

एचजीएच इंडिया २०१८ एक बार फिर प्रमुख ब्रांडों के द्वारा प्रस्तुत बेड शीट, बेड कवर, डेकोरेटिव्ह बेडिंग, टॉवेल्स, बाथ लिनन एण्ड बाथ एसेसरीज, फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टेन एण्ड ब्लाइंड्स के साथ उनकी एसेसरीज, डेकोरेटिव्ह मेड-अप्स, मैट्रेसेज एण्ड पिलोज, रग्स एण्ड कार्पेट्स, बाथ मैट्स, टेबल और किचन लिनन तथा क्वॉयर और जूट के नवीनतम उत्पाद प्रोडेक्ट इनोवेशन्स का प्रदर्शन करेगा। वे हमेशा की तरह हॉल नम्बर १ में रखे जाएंगे।

**इनोवेशन्स ▪ ट्रेंड्स ▪ प्रोडक्ट्स ▪ स्रोत ▪ अवसर**

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर तथा गिफ्ट्स का एक पर्यावलोकन

## बेड और बाथ लिनन

बेड और बाथ, जिसकी भारत के सकल होम टेक्सटाइल्स की बिक्री में ५०% से अधिक की भागीदारी है, एक बार फिर से अकेली सबसे बड़ी उत्पाद-श्रेणी होगी। बॉम्बे डाइंग, स्पेसेस (वेलस्पन), ट्राइडेंट, बुटीक लिविंग (इंडो काउंट), मार्क-होम, मास्पर, अन्ना सिमोना (टेक्स्ट्रेड), सॅसोन, फ्लोरिडा, डीसीटेक्स (डिसीटेक्स), बेला कासा, बियांका, स्किपर जैसे जाने-माने राष्ट्रीय ब्रांड अपने नए कलेक्शन पेश करेंगे। दर्शकगण के लिए बेड सीट, बेड सेट, बेड कवर, क्विल्ट, ब्लैंकेट, टॉवेल्स, बाथ रोब्स, बाथ मैट और बाथ एसेसरीज आदि में अलग-अलग प्रिंट, डॉनी, जैक्वार्ड, साटीन, ठोस, धागे के रंग, एम्ब्रॉयडरी और डिजाइनों को चुनने हेतु विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी।


Trident


Trident

पानीपत की बाथ मैट और बाथ एसेसरीज में अच्छी डिजाइन और उच्च गुणवत्ता जैसी पारंपरिक महारत एचजीएच इंडिया २०१८ में दिखाई देगी। वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध इस निर्यात शहर के अग्रणी उत्पादक जैसे गबा होमटेक्स, टेक्स-एन-क्राफ्ट, बेस्ट होम, रिवेरा टेक्सटाइल्स, एलीगैंट वेवर्स और सरल होम अपने-अपने बाथ मैट, बाथ रग और बाथ एसेसरीज की अनूठी रेंज प्रदर्शित करेंगे।

बॉनियर (कृष्णा कोटेक्स), एक उच्च गुणवत्ता वाला नया ब्रांड बच्चों के लिए छपे और बुने हुए तौलिए की एक दिलचस्प रेंज को लॉन्च करेगा। अहमदाबाद के प्रसिद्ध निर्यातक नंदन टेरी टॉवेल्स की एक विस्तृत रेंज के साथ घरेलू बाजार में पदार्पण करेंगे। हैदराबाद के विजय टेक्सटाइल्स भी पहली बार बेड लिनन और फर्निशिंग फैब्रिक्स की अपनी रेंज का प्रदर्शन करेंगे।

जयपुर के वैभव, गोपाल, सुखसागर, वेस्टहोम्स, बेलाकासा जैसे अनेकों प्रदर्शक द्वारा डेकोरेटिव्ह, हैंडक्राफ्टेड, ब्लॉक प्रिंटेड और पारम्परिक शैली के बेड लिनन और डेकोरेटिव्ह बेडिंग प्रस्तुत की जाएगी। अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, जयपुर, पानीपत, कोयंबटूर, कन्नूर और करूर के कई अन्य प्रसिद्ध होलसेलर्स भी विभिन्न प्रकार के बेडिंग, बाथ लिनन, कुशन कवर और मेड-अप्स पेश करेंगे।

## मैट्रेसेज और पिलोज

चूँकि भारत के उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और उनकी खरीदारी की क्षमता भी बढ़ रही है, इसलिए तकनीकी रूप से उन्नत मैट्रेसेज, पिलोज और बेडिंग प्रोडक्टस की बाजार में लोकप्रियता भी बढ़ रही है। आज, भारत में रेडीमेड मैट्रेसेज का बाजार प्रति वर्ष १००% की दर से बढ़ रहा है। इस श्रेणी में नये उत्पादों का लॉन्च एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है क्योंकि प्रौद्योगिकी और सामग्रियों पर आधारित नवाचार दोनों ठीक आगे-पीछे चलती है।


Peps

एचजीएच इंडिया २०१८ में सेंचुरी, पेप्स, स्प्रिंगफिट, एक्लिप्स, रीफ्रेश, हश, मैजेंटा, फीदर लाइट, लिवांटो, स्लीपमैक्स और मेमॉयर जैसे अग्रणी ब्रांड क्वॉयर, स्प्रिंग, मेमोरी फोम और रबर फोम मैट्रेसेज, पिलोज और मैट्रेस प्रोटेक्टर्स के अपने-अपने रेंज का अनावरण करेंगे। इनमें से कुछ ब्रांड स्वयं या अपने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के माध्यम से नवीनतम स्लीप टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट का एक रेंज लाने वाले हैं।

रिटेल विक्रेताओं को विभिन्न प्रकार के गद्दों के बीच गुणात्मक विभेदों का अनुभव करने और समझने का अवसर मिलेगा। वे अपने बाजार के लिए सही स्रोत का चुनाव कर सकते हैं क्योंकि कीमतों और उत्पाद की विशेषताओं में अंतर व्यापक होता है, भले ही ये मैट्रेसेज एक ही ब्रांड के क्यों न हों।

## फर्निशिंग फैब्रिक्स

नए घरों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ देश भर में डेकोरेटिव्ह प्रोडक्टस, हाउसवेयर्स और कर्टेन्स के कपड़े की मांग बढ़ रही है। इससे निर्माण और विपणन के साथ-साथ रिटेल बाजार में भी नए खिलाड़ियों की आमद बढ़ रही है।

हमेशा की तरह, जीएम फैब्रिक्स, डिसीटेक्स, एफ एंड एफ, रूमर्स, वी एंड जे, के. सी. फैब्रिक्स, स्कीपर, वेनेली, देवा टेक्सटाइल्स, जयदुर्गा डेकर और शाह दीपचंद जैसी बाजार के स्थापित अग्रणी एचजीएच इंडिया २०१८ में अपने नये रेंज और ट्रेड स्कीम को लॉन्च करके इस सेगमेंट की कार्य-प्रणाली का नेतृत्व करेंगे।


Rumors

वाया होम (बेंगलुरु), वी-लाड्स, इंडिगो, (सूरत) जेम कलेक्शन, रिलायबल ड्रैप्स, स्टाइला, प्राची हैंडलूम, सुपर वूलेन (सभी पानीपत), विजय टेक्सटाइल्स (हैदराबाद), एफई होम, जीएम मिल्स एमके फैब्रिक्स, न्यूहोम, मुरारका क्रिएशंस, ड्रेप स्टोरी (सभी मुंबई), आरटेक्स, क्लासिक लैमीटेक्स (दिल्ली) और अनामिका फैब्स (सोनीपत) जैसे प्रोग्रेसिव्ह और भरोसेमंद खिलाड़ी भी कर्टेन्स, हाउसवेयर्स, आर्टिफिशियल लेदर, शीयर्स और फाइन फैब्रिक्स के साथ डेकोरेटिव्ह मेड-अप्स के विस्तृत रेंज का प्रदर्शन करेंगे।

आईएफआई (ग्रीस), आयदीन (तुर्की), केसामैंस (फ्रांस), डिजाइनर्स गिल्ड (यूके), झिमर और रोडे (जर्मनी), ओमेक्सको (बेल्जियम) जैसे प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड एक बार फिर से अपने नवीनतम इंटरनेशनल इनोवेशन्स को स्वयं या अपने भारतीय भागीदारों के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

## डेकोरेटिव्ह और फंक्शनल मेड-अप्स

कुशन कवर, डेकोरेटिव्ह कर्टेन्स, बेड कवर्स, क्विल्ट्स, बोल्स्टर, टेबल लिनन और किचन लिनन जैसे डेकोरेटिव्ह और फंक्शनल मेड-अप्स भारतीय बाजार में होम टेक्सटाइल्स के महत्वपूर्ण पहलू हैं। हाल के वर्षों में, अच्छी तरह से डिजाइन किये गए और उच्च स्तरीय सामानों की मांग बढ़ रही है, जो उच्च स्तरीय ब्रांड और डिजाइनरों के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं।


Anna Simona

इस अवसर को देखते हुए, विश्व के बाजारों में अच्छी तरह से स्थापित भारतीय निर्यातक, भारत के घरेलू बाजार में प्रवेश करने के लिए तेजी से एचजीएच इंडिया को एक मंच के रूप में

उपयोग कर रहे हैं। मस्पर, अन्ना सिमोना, शबरी इंटरनेशनल, टेक्स-एन-क्राफ्ट, बियांका, वैभव, वेस्टहोम्स, बेस्ट होम, एसआरसी क्रिएशंस, लशहोम्स, रश्मिश्री और आर्टेज जैसे ब्रांड; जो अपनी अद्वितीय डिजाइनिंग और क्राफ्टिंग कौशल के लिए जाने जाते हैं, भारतीय घरेलू बाजार के लिए अपने-अपने नए कलेक्शन को करेंगे।

स्कीपर, संजोना, आलिध्रा टेकटेक्स, आरके एण्ड अर्नव जैसे घरेलू बाजार के विशिष्ट घराने भी अपनी नई उत्पाद-श्रेणियों का प्रदर्शन करेंगे।

डेको विंडो डेकोरेटिव्ह कर्टेन्स, कुशन कवर, बेडिंग, शॉवर कर्टेन्स के विशाल रेंज के साथ-साथ एक ही जगह सारे समाधान उपलब्ध कराने हेतु एसेसरीज, टैसेल्स, कर्टेन रॉड्स आदि का संपूर्ण रेंज भी पेश करेगा।

### कार्पेट और फ्लोर कवरिंग्स

चूंकि भारतीय उपभोक्ताओं में अपने फ्लोर को सजाने में दिलचस्पी बढ़ रही है, इसलिए कार्पेट और फ्लोर कवरिंग का बाजार भी एक महत्वपूर्ण श्रेणी के रूप में उभर रहा है। प्रमुख होम टेक्सटाइल्स और होम डेकर के खुदरा विक्रेता अपनी दुकानों में रग्स और कार्पेट्स के लिए ज्यादा जगह रख रहे हैं। सभी मेट्रो और मिनी मेट्रो शहरों में विशिष्ट कार्पेट स्टोर भी आगे आ रहे हैं।

ख्याति-प्राप्त निर्माता और ब्रांड रिटेलर्स विक्रेताओं के लिए तरह-तरह के हैण्ड नॉटेड और हैण्ड काफ्ट कार्पेट्स, दरी,


Divine

एरिया रग्स, मशीन से तैयार कार्पेट्स वूडेन फ्लोरिंग, विनायल फ्लोरिंग, आर्टिफिशियल ग्रास, कार्पेट टाइल्स और सिंथेटिक कालीन तथा फ्लोर कवरिंग हॉल नंबर १ और हॉल नंबर २ में प्रदर्शित करेंगे।

ऊन, रेशम और विस्कोस के धागों से हाथों से बुने कार्पेट का सामाजिक और विरासत मूल्य ऊँचा होता है। भदोही, वाराणसी, जयपुर, पानीपत और आगरा के इन उच्च गुणवत्ता वाले कार्पेट्स, एरिया रग्स और दरी बारीकी पसंद खरीदारों को लक्ष्य करके सरल होम, हरि ओम डेकर, डिजाइन व्यू, सरस्वती ग्लोबल, कार्पेट्स बाय आरकेएस, होम फ्लोर, जीएसआर, क्राफ्टटेक्स, आर्टेज जैसे स्थापित निर्माताओं द्वारा प्रदर्शित किए जाएंगे।

कम लागत और आसान रखरखाव के कारण, सिंथेटिक फाइबर से मशीन द्वारा बने रग्स और कार्पेट्स तेजी से भारत और दुनिया भर में लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं। स्पेसेस (वेल्सपन), डिवाइन, सैसून और आरकेएस एचजीएच इंडिया २०१८ में मशीन से बने कार्पेट्स के अपने लेटेस्ट रेंज को लॉन्च करेंगे।

लकड़ी के फर्श और सिंथेटिक फर्श से लेकर कृत्रिम घास और कार्पेट टाइल्स तक - इनडोर और आउटडोर फ्लोर के लिए विभिन्न इंटीरियर डेकोरेशन, बजट और रखरखाव की जरूरतों के अनुरूप फ्लोर कवरिंग में ढेरों विकल्प उपलब्ध हैं। हेगो, हेरिटेज, ग्रीन्स, ग्रीन टर्फ, सुपरग्रास, डेक अप, ओएसिस ग्रास, इंटरियर्स एंड मोर, क्रिस्टल कॉर्पोरेशन, मार्कोपोलो, मैट्जवन, अहीक इम्पोर्ट; एचजीएच इंडिया २०१८ में इनमें से कई विकल्पों को प्रदर्शित करेंगे।

क्वॉयर बोर्ड ने क्वॉयर डोर मैट और एसेसरीज के निर्माताओं की सामूहिक भागीदारी का आयोजन किया है। नेशनल जूट बोर्ड अपने सदस्यों के साथ जूट उद्योग का प्रतिनिधित्व करेगा जो जूट तथा जूट मिश्रित कार्पेट्स, फ्लोरिंग, बैग्स व डेकोरेटिव्ह एसेसरीज का प्रदर्शन करेंगे।

## ब्लाइंड्स और विंडो डेकर


NBT

ग्राहक एचजीएच इंडिया २०१८ में १६ अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय ब्रांडों और निर्माताओं से विभिन्न प्रकार के आच्छादन और खिड़की सज्जा की वस्तुएँ प्राप्त कर सकते हैं। प्रकाश और निजता संरक्षण के कार्यात्मक पहलुओं से परे, आच्छादन आज सजावट और अंदरूनी हिस्सों का एक अभिन्न अंग बनता जा रहा है।

स्वचालन और डिजाइन नवाचार भारत में ब्लाइंड्स और विंडो डेकर की श्रेणी के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। मांग को और अधिक बढ़ाने के लिए फॉरेस्ट (नीदरलैंड), टोसो (जापान), स्पेस कंपनी लिमिटेड (कोरिया) और दूया (चाइना) जैसे प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड मौजूद हैं। उनमें से ज्यादातर ने भारतीय भागीदारों की स्थापना कर ली है और उन्होंने भारतीय बाजार का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है। ये ब्रांड एचजीएच इंडिया २०१८ में अपनी नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय शृंखला और वैश्विक नवाचार पेश करेंगे।

लिविन, डेको विंडो, नोवा ब्लाइंड्स, प्लीट्स, केप डेकर, व्योमा एग्जिम, व्योमा डेकर्स, ऑसम, आर्टेक्स ओवरसीज, एसएसजी, टच ब्लाइंड, काजेज, शेड्स जैसे स्थापित भारतीय व्यापारी; जिनमें से कई ब्लाइंड्स मैकेनिज्म और उनके कॉम्पोनेंट्स के आयातक हैं; वे वर्टिकल ब्लाइंड्स, वैनेशियन ब्लाइंड्स, रॉलर ब्लाइंड्स और रोमन ब्लाइंड्स के संपूर्ण रेंज का प्रदर्शन करेंगे। वे ब्लाइंड्स और कर्टेन डेकोरेशन एसेसरीज, ऑटोमेशन, ड्रैपरी और उनके तंत्रों की अपनी नवीनतम रेंज भी प्रदर्शित करेंगे।

डेको विंडो अपने नए डेकोरेटिव्ह कर्टेन के हार्डवेयर का संकलन

**डिजाइन और कार्यप्रणाली में नवाचार का प्रयोग एक सतत प्रकिया होगी।**

पेश करेगी, जो भारतीय बाजार के लिए अपनी तरह का पहला है। इसके अलावा, यह ब्रांड रॉलर ब्लाइंड्स, रोमन ब्लाइंड्स, कर्टेन्स, टाईबैक्स, कुशन और खिड़की की सज्जा का समाधान करने वाली नाजुक सामानों की पूरी रेंज भी प्रदान करेगा।

राश्मिश्री कलेक्शन और रश्मिश्री क्रिएशन कॉर्ड्स और टैसेल्स, फैंसी बीडेड कर्टेन्स, टाई हुक्स, कर्टेन बोर्डर्स का प्रदर्शन करेंगे। डेको विंडो, कोहिनूर, एसक्यूयू और एयरोडिजाइन कर्टेन फिनियल्स, ब्रैकेट और ट्रैक लाएंगे।

ब्लाइंड्स और कर्टेन ऑटोमेशन का व्यापार भारत में उच्च विकास पथ पर है। डिजाइन और कार्यक्षमता में नवीनता यहाँ एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया होगी। एचजीएच इंडिया २०१८ में इस ट्रेंड को फोकस करने की संभावना है।


ट्रेड विजिटर्स!
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें
१५ जून, २०१८ तक
और बचाएँ रू. १,००० तक

नि:शुल्क प्रवेश के लिए चरण:

१.हमारे वेबसाइट पर जाएँ **www.hghindia.com**
२.मुख्य पृष्ठ पर ''विजिटर रजिस्ट्रेशन'' पर क्लिक करें
३.ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को पूरा-पूराभरें।
४.अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नंबर और QR code एसएमएस ईमेल के द्वारा प्राप्त करें जो आपके रजिस्ट्रेशन को संपुष्ट करता है।
५.अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और QR code अपने मोबाइल में सेव करके या प्रिंट लेकर ट्रेड शो में पधारें।
६.अपने बैज को प्रिंट करने के लिए एचजीएच २०१८के हॉल संख्या १ या ३ में प्री-रजिस्टर्ड विजिटर्स के डेस्क पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर दें या स्कैन करें।


सहायता के लिए कृपया संपर्क करें
मुम्बई: टेलिफोन.: +91 (22) 2421 4111
दिल्ली: टेलिफोन.: +91 (11) 2571 4111
अमरशर्मा मोबाईल.: +91 99 676 00286
निकेत सक्सरिया मोबाईल: +91 99 301 72973
Email: visitors@hghindia.com
www.hghindia.com

# ट्रेंड्स २०१८-१९

एचजीएच इंडिया २०१८ ने रंग, डिजाइन और उत्पाद-सामग्रियों के मामले में २०१८-१९ के लिए गहन शोध के उपरांत रुझानों की भविष्यवाणी की है। भारतीय बाजार के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए इन रुझानों का शीर्षक #परिवर्तन है। इन्हें एक अच्छी तरह से डिजाइन किये गए ट्रेंड बुक और हॉल नंबर १ में एक रुझान पैविलियन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदर्शकों और आगंतुकों को आने वाले सीजन के लिए नये कलेक्शन बनाने हेतु एचजीएच इंडिया के रुझानों में डिजाइन सम्बन्धी व्यापक दिशानिर्देश मिलेगा।

२०१८-१९ के लिए रुझान के विषयों को चार समूहों में विभाजित किया गया है - #सो फंकी ऐट होम, #सॉफ्ट शेड्स ऑफ नेचर, #कलेक्टर्स चेम्बर्स और #स्मार्ट बॉएमियन्स। ये रुझान सभी श्रेणियों में लागू होते हैं – होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स।

ये रुझान २०१८-१९ में उत्पादों के घरेलू बाजार पर सामाजिक, जीवन-शैली और तकनीकी परिवर्तनों के प्रभाव को दर्शाते हैं। निर्माता, ब्रांड, खुदरा विक्रेताओं और पेशेवरों को यह ट्रेंड-बुक महत्त्वाकांक्षी भारतीय उपभोक्ताओं को अपील करने के लिए अपने उत्पादों और डिजाइनों में इनोवेशन लाने हेतु उपयोगी लगेगा। एचजीएच इंडिया २०१८ के रुझान पैविलियन में वास्तविक उत्पादों से जुड़े #ट्रांजिशन रुझानों के अनुप्रयोगों का साक्षी बनें।



## #Transition
## #परिवर्तन

समय लगातार करवट बदल रहा है और इसके साथ चलने के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है। हम हमेशा संक्रमणशील परिस्थितियों में रहते हैं। परिवार, स्वस्थ जीवनशैली तथा कल्याण और मूल्य आधारित जीवन व्यक्तिगत संवेदनाओं के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे बन गए हैं। हरदम ''सड़क पर''या तार पर होने के कारण, घर वापसी एक नई गुणात्मक जिम्मेदारी से युक्त हो जाती है : यह हमारी अंतरात्मा के लिए एक सुरक्षित आश्रयस्थल है। लिंग और उत्पाद पर आधारित श्रेणियों में उपभोक्ता वस्तु के एजेंडा के अंतर्गत हम सौन्दर्य के साथ-साथ आधारभूत सुविधा के बीच संतुलन, विवेकशीलता और अंतर्दृष्टि की तलाश में रहते हैं।

इंटिरियर डेकोरेशन परिवर्तन के मार्ग में एक ठहराव बन गया है और यह हमारी अन्तरात्मा का आईना है।

इस वर्ष हमने रचनात्मक रहन-सहन की जगह के रूप में चार परिदृश्यों का चयन किया है जो हमारे समय के भावनात्मक मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं : परंपरागत प्रभाव और व्यक्तिगत कलात्मक दृष्टिकोण को उभारने के लिए उत्सुकता का प्रदर्शन।

HGH INDIA



#सो फंकी ऐट होम - एक सबसे गतिशील और आशावादी प्रवृत्ति, दृढ़ और उत्साही। यह प्रवृत्ति जीवन की पैबन्दकारी के लिए खुला होता है। यह खुद ही करें का एक दृष्टिकोण है जो प्रवसी युवाओं को अपने आवास को व्यवस्थित करने के लिए उपयोग किया जाता है, जिसमें सामग्रियों के गैर परंपरागत उपयोग और सभी प्रकार के डिजाइन शामिल होते हैं। वॉलपेपर और वस्त्रों की कई प्रेरणा औद्योगिक सामग्रियों पर आधारित हैं : जाल और खाँचे की संरचनाएं परतों सहित प्रभावों की एक विस्तृत शृंखला के साथ प्रदर्शित होती हैं। प्रचलित पैटर्न वाइल्ड स्ट्राइप्स, स्क्रैच टेप्स, वेवी लैन्स और झिग्झैग्स, बोल्ड टाइपोग्राफी वाले पदार्थ और कॉमिक स्ट्रिप एइस्थेटिक्स हैं।

भविष्य रोड से शुरू होता है

## #सो फंकी ऐट होम



#सॉफ्ट शेड्स ऑफ नेचर - ताजे और अनछुये सुबह की रोशनी, एक रक्षक पेड़ की लहराती पत्तियों के बीच से आती चमक के साथ कमरे हल्के ढंग से रोशनदार होते हैं। हमारी आत्मा को प्राप्त सभी रंग सौम्यता से आते हैं। इंटिरियर डेकोरेशन की दुनिया का एक स्त्रियोचित दृष्टिकोण, सुन्दरता, ताजगी और शांति के साथ, एक सुसभ्य हवा के झोंके के समान कमरे में फैलता है। गोपनीयता और स्पा से युक्त वातावरण - रोमांटिक होने के साथ-साथ आरामदायक-अंतरात्मा की शुद्ध विलासिता की अभिव्यक्ति प्रदान करता है।

शुहानी नींद हरी वादियों में

## #सॉफ्ट शेड्स ऑफ नेचर



#कलेक्टर्स चैम्बर - आगंतुक को कलेक्टर के सबसे निजी कमरे के समान कमरे में प्रवेश करने के लिए, संभवत: प्रतिछाया और कांस्य रंगों में तैयार गहरे रहस्यमय और मखमली रंग द्वारा स्वागत किया जाता है। इंटिरियर डेकोरेशन - एक प्रमुख आदमी के लिए मंच के समान - समृद्धि और अच्छी जिंदगी का एक नजरिया प्रदान करता है। कलेक्टर्स चैम्बर नाटकीयता और निरालेपन के संकेत के साथ इंटिरियर डेकोरेशन की एक बौद्धिक समझ प्रदर्शित करता है।

गौरवपूर्ण विशेषज्ञता

## #कलेक्टर्स चैम्बर



#स्मार्ट बॉयेमियन्स - आप सच्चे आस्तिकों के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं! विरासती ठाठ का अंदाज जातीय संदर्भ के साथ स्कैंडिनेवियाई शैली या आरामदायक और स्मार्ट जीवन-शैली की ताजगी के साथ मिश्रित होते हैं - जो एक सुखद और आधुनिक परिवार के लिए एकदम सही संयोग बनाते हैं। इसमें पारिस्थितिक प्रतिबद्धता मौजूद है और साथ ही इसकी आरामदायक सजावट आश्चर्यजनक सद्भाव का संकेत भी प्रदान करती है। हस्तनिर्मित उत्पादों के संयोग से निर्मित सौंदर्य, परिवार के उपयोग के लिए तैयार सभी प्रकार के उपभोक्ता सामानों पर लागू होते हैं! सर्वत्र फूल और पत्तियों का पैटर्न और सुविधाजनक वस्तुएँ रोजमर्रा की जिंदगी के आकर्षण और कवित्व में योगदान दे रहे हैं।

आपके जीवन की कथा-यात्रा

## #स्मार्ट बॉयेमियन्स